इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 5] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 1 फरवरी 2013—माघ 12, शक 1934

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 जनवरी 2013

क्र. एफ-14-20-2012-बयालीस(1).—राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2013-14 से निम्नलिखित पोलीटेकनिक महाविद्यालयों में स्वीकृत इंटीरियर डेकोरेशन एण्ड डिजाइन पाठ्यक्रम को बंद कर उसके स्थान पर तीन वर्षीय डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाईन पाठ्यक्रम संचालित किया जाए :—

क्र.	संस्था का नाम	अभ्युक्ति
(1)	(2)	(3)
1.	शासकीय महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालय, भोपाल.	पूर्व से ही डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाईन पाठ्यक्रम संचालित है.
2	इंदौर पोलीटेकनिक महाविद्यालय, इंदौर.	
3.	शासकीय महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालय, ग्वालियर.	डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाईन पाठ्यक्रम अगले सत्र से प्रारंभ किया जाए.
4.	शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय, होशंगाबाद.	

2. यह संस्थायें नवीन पाठ्यक्रम के संचालन के लिए ए. आई. सी. टी. ई. से संबद्धता प्राप्त करेंगे.

3. संबंधित संस्था में इंटीरियर डेकोरेशन एण्ड डिजाइन पाठ्यक्रम का संचालन बंद होने के उपरान्त, उक्त पाठ्यक्रम के लिए स्वीकृत शैक्षणिक स्टाफ आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाईन पाठ्यक्रम के शिक्षण में सहयोग करेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शमीम उद्दीन, अपर सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 जनवरी 2013

क्र. एफ. 9-2-2006-अट्ठावन.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम के मेमोरेण्डम एण्ड आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल्स 74(ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, निगम के संचालक मण्डल में श्री प्रदीप उपाध्याय, उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल को निगम के संचालक मण्डल में सदस्य के रूप में पुन: मनोनीत किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. आर. काटवाले, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 23 जनवरी 2013

फा. क्र. 1-अ-18-3-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973(क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय से परामर्श उपरान्त श्री ऋषभदास जैन महाधिवक्ता मध्यप्रदेश जबलपुर को मध्यप्रदेश राज्य में उत्पन्न होने वाले मामलों के संबंध में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय हेतु उनके द्वारा अपने पद का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 जनवरी 2013

इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-3-3-2000-छ:, दिनांक 29 जून 2000 के द्वारा गठित मंदिर समिति का कार्यकाल हो जाने के कारण उसे अधिक्रमित करते हुए, राज्य शासन, भोपाल, सीहोर एवं रायसेन जिले में स्थित मंदिरों की व्यवस्था एवं मरम्मत तथा निगरानी के लिए इस आदेश के मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन के दिनांक से तीन (3) वर्ष की कालावधि के लिये निम्नानुसार मंदिर समिति गठित करता है, अर्थात :—

1	आयुक्त भोपाल, संभाग भोपाल.	अध्यक्ष
2	सहायक विकास आयुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय, भोपाल.	सचिव एवं कोषाध्यक्ष

अशासकीय सदस्य

1	जिला-भोपाल	(1) श्री रमेश शर्मा (गुट्टू भैया), स्टेशन रोड, भोपाल. (2) श्री ओम मेहता—मारवाड़ी रोड, चौक, भोपाल. (3) श्री आलोक शर्मा—38 ए काजीपुरा जुमेराती, भोपाल. (4) श्री ललित जैन—28 काजीपुरा गली नं. 2, जुमेराती, भोपाल. (5) श्री कृष्ण गोपाल गहानी—13/21, विजय नगर कालोनी, लालघाटी, टाटा शोरूम के पीछे, भोपाल. (6) श्री संजय अग्रवाल, ए/2 पीएनबी कालोनी, ईदगाह हिल्स, भोपाल.
2	जिला-रायसेन	(1) श्री स्वामी नवीनानंद, दाहोद आश्रम मंडीदीप, रायसेन. (2) श्री चंद्रप्रकाश शर्मा (आचार्य) शास्त्री, वार्ड नं.-14, राहुल नगर, रायसेन.
3	जिला-सीहोर	श्री जगदीश प्रसाद शर्मा आ. श्री परमानन्द शर्मा, शास्त्री कालोनी, नसरुल्लागंज, सीहोर.

2. समिति, सीहोर भोपाल तथा रायसेन जिले में स्थित मंदिरों की व्यवस्था एवं मरम्मत के लिये उत्तरदायी रहेगी. समिति शासन द्वारा समय-समय पर दिये जाने वाले अनुदानों का उचित उपयोग तथा उसके लेखों का सही हिसाब किताब रखने के लिये उत्तरदायी रहेगी.

3. उक्त समिति अपना कार्य शासन द्वारा अनुमोदित कार्य नियमावली के अनुसार करेगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश प्रसाद मिश्र, उपसचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 जनवरी 2013

क्र. एफ 1(ए) 166-89-ब-2-दो.—श्री एस. के. पाण्डेय, भा.पु.से., पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश भोपाल को दिनांक 14 से 24 जनवरी 2013 तक, कुल ग्यारह दिवस का अर्जित अवकाश, दिनांक 12, 13, 25, 26 एवं 27 जनवरी 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री एस. के. पाण्डेय, भा.पु.से., के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री डी. श्रीनिवास राव, भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता (जी), मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एस. के. पाण्डेय, भा.पु.से., को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा, मध्यप्रदेश भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एस. के. पाण्डेय, भा.पु.से., पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री एस. के. पाण्डेय, भा.पु.से., को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. के. पाण्डेय, भा.पु.से., उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 11 जनवरी 2013

क्र. एफ 1 (ए) 54-2000-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 2 नवम्बर, 2012 द्वारा श्री के. एस. राठौर, भा.पु.से., उपनिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, जे. एन. पी. ए., सागर को दिनांक 2 से 16 नवम्बर, 2012 तक, कुल पन्द्रह दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था.

(2) राज्य शासन द्वारा उपर्युक्त आदेश को करते हुए श्री के. एस. राठौर, भा.पु.से., को दिनांक 14 से 28 जनवरी 2013 तक कुल पन्द्रह दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 12, 13 जनवरी, 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(3) पूर्व समसंख्यक आदेश दिनांक 2 नवम्बर, 2012 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेगी.

भोपाल, दिनांक 17 जनवरी 2013

क्र. एफ 1 (ए) 107-08-ब-2-दो.—श्री जे. एस. कुशवाह, भा.पु.से., पुलिस अधीक्षक (रेल), इन्दौर को पुलिस मुख्यालय द्वारा दिनांक 21 से 31 जनवरी 2013 तक, ग्यारह दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 19 एवं 20 जनवरी 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत अर्जित अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2010-13 के द्वितीय ब्लॉक वर्ष 2012-13 में परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ गृह नगर यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की पात्रता के तहत् ''अंडमान-निकोबार'' की अवकाश यात्रा की अनुमति एवं 10 दिवस के अर्जित अवकाश के नगदीकरण की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1.	श्री जे. एस. कुशवाह	स्वयं
2.	श्रीमती अनिता सिंह	पत्नी
3.	शुभांशू सिंह	पुत्र
4.	अभिजीत सिंह	पुत्र

भोपाल, दिनांक 18 जनवरी 2013

क्र. एफ 1 (ए) 101-08-ब-2-दो.—श्री एस. पी. सिंह, भा.पु.से., सेनानी 24 वी वाहिनी, विसबल, जावरा, जिला रतलाम को पुलिस मुख्यालय द्वारा दिनांक 21 जनवरी से 15 फरवरी 2013 तक, छब्बीस दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 19, 20 जनवरी 2013 एवं 16, 17 फरवरी 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत अर्जित अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2010-13 के द्वितीय ब्लॉक वर्ष 2012-13 में परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ गृह नगर यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की पात्रता के तहत् ''त्रिवेन्द्रम (केरल)'' की अवकाश यात्रा की अनुमति एवं 10 दिवस के अर्जित अवकाश के नगदीकरण की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1.	श्री एस. पी. सिंह	स्वयं
2.	श्रीमती तनुजा सिंह	पत्नी
3.	मोहित	पुत्र
4.	पल्लवी	पुत्री

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इंद्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 जनवरी 2013

क्र. एफ-3-83-2012-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा इस विभाग की सूचना क्र. एफ-3-83-2012-बत्तीस, दिनांक 30 मार्च 2012 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रकाशित भोपाल विकास योजना 2005 में निम्नलिखित उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं:—

उपांतरण विवरण

क्रमांक	ग्राम	सर्वे क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भूमि उपयोग	उपांतरण पश्चात उपांतरित भूमि उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम				
	फतेहपुर	144	9.62 हेक्टे. में से 1.60 हेक्टेयर	कृषि	सार्वजनिक अर्ध सार्वजनिक
	डोबरा	151	12.50 हेक्टे. में से 9.60 हेक्टेयर		
		कुल योग . .	11.20 हेक्टेयर		

2. उपरोक्त उपांतरण भोपाल विकास योजना—2005 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 जनवरी 2013

क्र. 91-2149-12-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 4 की उपधारा (1) तथा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट निम्नलिखित किशोर न्याय बोर्डों का गठन, कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट जिलों के लिये करती है और उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे बोर्डों को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के प्रयोजनों के लिए, उसके (अनुसूची के) कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट सामाजिक कार्यकर्ताओं को नियुक्त करती है, अर्थात्:—

अनुसूची

क्र.	किशोर न्याय बोर्डों और उसका मुख्यालय	जिलों के नाम	सामाजिक कार्यकर्ताओं के नाम	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1.	झाबुआ	झाबुआ	1. श्री अजय सोनी	सदस्य
			2. श्रीमती निवेदिता सक्सेना	सदस्य

(1)	(2)	(3)		(4)	
2.	अशोकनगर	अशोकनगर	1.	डॉ. वाय. डी. अग्रवाल	सदस्य
			2.	श्रीमती वीणा कयाल	सदस्य
3.	राजगढ़	राजगढ़	1.	श्री साकेत शर्मा	सदस्य

No. 91-2149-12-L-2.—In exercise of the power conferred by sub-section (1) and (2) of Section 4 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2000, the State Government hereby Constitute the following Juvenile Justice Boards as specified in the column (2) of the schedule below, for the Districts as specified in column (3) and appoints Social Workers as specified in the column (4) respectively thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on such boards under the said Act, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Juvenile Justice Boards & its Head Quarter	Jurisdiction (Revenue Districts)	Name of the Honorary Social Workers		
(1)	(2)	(3)		(4)	
1.	Jhabua	Jhabua	1.	Shri Ajay Soni	Member
			2.	Ms. Neevedita Saxena	Member
2.	Ashoknagar	Ashoknagar	1.	Dr. Y. D. Agarwal	Member
			2.	Smt. Veena Kyal	Member
3.	Rajgarh	Rajgarh	1.	Shri Saket Sharma	Member

क्र. 91-2149-12-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट बाल कल्याण समितियों का, उसके (अनुसूची के) कॉलम (3) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट क्षेत्र के लिये गठन करती है और उसके (अनुसूची के) कॉलम (4) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में वर्णित व्यक्तियों को नियुक्त करती है :—

अनुसूची

अ. क्र.	बाल कल्याण समितियों के मुख्यालय के जिलें	अधिकारिता के अंतर्गत आने वाले (राजस्व-जिले)	अवैतनिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के नाम		
(1)	(2)	(3)		(4)	
1.	झाबुआ	झाबुआ	1.	श्री शैलेश दुबे	अध्यक्ष
			2.	श्री संजय मिश्रा	सदस्य
			3.	श्री अशोक त्रिवेदी	सदस्य
			4.	श्री दिपेश सकलेचा	सदस्य
			5.	श्रीमती भारती भाटी	सदस्य
2.	अशोकनगर	अशोकनगर	1.	श्री भूपेन्द्र सिंह रघुवंशी	अध्यक्ष
			2.	श्रीमती मंजू साडाना	सदस्य
			3.	श्री लखन लाल शर्मा	सदस्य
			4.	श्रीमती ऋचा शर्मा	सदस्य
			5.	श्री राजेश आदित्य शर्मा	सदस्य

No. 91-2149-12-L-2.—In exercise of the power conferred by sub-section (1) and (2) of the Section 29 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2000, the State Government hereby Constitute the following Child Welfare Committee as specified in the column (2) of the schedule below, for the Districts as specified in the column (3) and appoints Social Workers as specified in column (4) respectively thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on such Committee under the said Act, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Child Welfare Committees & its District Head Quarter	Jurisdiction (Revenue Districts)	Name of the Honorary Social Workers		
(1)	(2)	(3)		(4)	
1.	Jhabua	Jhabua	1.	Shri Shelesh Dubey	Chair Person
			2.	Shri Sanjay Mishra	Member
			3.	Shri Ashok Trivedi	Member
			4.	Shri Dipesh Saklecha	Member
			5.	Smt. Bharti Bhati	Member
2.	Ashoknagar	Ashoknagar	1.	Shri Bhupendra Singh Raghuvansi	Chair Person
			2.	Smt. Manju Sadana	Member
			3.	Shri Lakhanlal Sharma	Member
			4.	Smt. Richa Sharma	Member
			5.	Shri Rajesh Aditya Sharma	Member

क्र. 93-2013-2012-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 4 की उपधारा (1) तथा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट निम्नलिखित किशोर न्याय बोर्ड का गठन, कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट जिले के लिये करती है और उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे बोर्ड को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के प्रयोजनों के लिए, उसके (अनुसूची के) कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता को नियुक्त करती है, अर्थात्:—

अनुसूची

क्र.	किशोर न्याय बोर्ड और उसका मुख्यालय	जिलों के नाम	सामाजिक कार्यकर्ता का नाम	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1.	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर	1.	श्री संजय साहू

S. No. 93-2013-2012-L-2.—In exercise of the power conferred by sub-section (1) and (2) of Section 4 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2000, the State Government hereby Constitute the following Juvenile Justice Board as specified in the column (2) of the schedule below, for the District as specified in column (3) and appoints Social Workers as specified in the column (4) respectively thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on such boards under the said Act, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Juvenile Justice Board & its Head Quarter	Jurisdiction (Revenue District)	Name of the Honorary Social Workers	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1.	Narshingpur	Narshingpur	1.	Shri Sanjay Sahu

क्र. 94-2148-2012-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 4 की उपधारा (1) तथा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट निम्नलिखित किशोर न्याय बोर्ड का गठन, कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट जिले के लिये करती है और उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे बोर्ड को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के प्रयोजनों के लिए, उसके (अनुसूची के) कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट सामाजिक कार्यकर्ताओं को नियुक्त करती है, अर्थात्:—

अनुसूची

क्र.	किशोर न्याय बोर्ड और उसका मुख्यालय	जिलों के नाम	सामाजिक कार्यकर्ता के नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	बालाघाट	बालाघाट	1. श्रीमती मीना सक्सेना 2. श्री भारत मेश्राम

No. 94-2148-2012-L-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of Section 4 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2000, the State Government hereby Constitute the following Juvenile Justice Board as specified in the column (2) of the schedule below, for the District as specified in column (3) and appoints Social Worker as specified in the column (4) respectively thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on such board under the said Act, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Juvenile Justice Board & its Head Quarter	Jurisdiction (Revenue District)	Name of the Honorary Social Worker
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	Balaghat	Balaghat	1. Smt. Meena Saxena 2. Shri Bharat Meshram

क्र. 94-2148-12-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट बाल कल्याण समिति का, उसके (अनुसूची के) कॉलम (3) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट क्षेत्र के लिये गठन करती है, और उसके (अनुसूची के) कॉलम (4) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में वर्णित व्यक्तियों को नियुक्त करती है :—

अनुसूची

अ. क्र.	बाल कल्याण समिति के मुख्यालय का जिला	अधिकारिता के अंतर्गत आने वाले (राजस्व-जिले)	अवैतनिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के नाम	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1.	बालाघाट	बालाघाट	1. श्री प्रकाश चन्द्र बाद्यरेचा	अध्यक्ष
			2. श्रीमती शीला सिंह	सदस्य
			3. डॉ. नीरज अरोरा	सदस्य
			4. श्रीमती सरला कांकरिया	सदस्य
			5. श्री सुशील जैन	सदस्य

No. 94-2148-12-L-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of the Section 29 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2000, the State Government hereby Constitute the following Child Welfare Committee as specified in column (2) of the schedule below, for the District as specified in the

column (3) and appoints Social Workers as specified in column (4) respectively thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on such Committee under the said Act, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Child Welfare Committees & its District Head Quarter	Jurisdiction (Revenue District)	Name of the Honorary Social Workers		
(1)	(2)	(3)		(4)	
1.	Balaghat	Balaghat	1.	Shri Prakash Chand Baghrecha	Chair Person
			2.	Smt. Sheela Singh	Member
			3.	Dr. Neeraj Arora	Member
			4.	Smt. Sarla Kankariya	Member
			5.	Shri Sushil Jain	Member

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. नायडू, प्रमुख सचिव.

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 22 नवम्बर 2012

क्र. एफ 11-2-2012-तीस.—मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964 की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन राज्य शासन की अधिसूचना में क्रमांक एफ 11-2-2012-तीस, दिनांक 25 मई, 2012 द्वारा निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक घोषित करने के आशय की सूचना जारी की गयी थी जिसका प्रकाशन "मध्यप्रदेश राजपत्र" में, दिनांक 15 जून 2012 को किया गया था.

2. आयुक्त, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के पत्र क्र. 2150-अ. पु. सं. स.-2012, दिनांक 11 सितम्बर 2012 द्वारा सूचित किया गया है कि शासन की उक्त अधिसूचना के संबंध में कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं है. आयुक्त, पुरातत्व ने उक्त स्मारक को संरक्षित घोषित करने की अनुशंसा की है.

3. अतः, राज्य शासन, मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक, पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (3) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, एतद्द्वारा प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करता है :—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व क्षेत्र जो क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित होना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
म. प्र.	ग्वालियर	बैहट	गढ़ी	ग्राम बैहट प. ह. न. 155	706	0.470 हेक्टेयर	शासकीय आबादी गोठान	नहीं

4. राज्य शासन का यह भी प्रस्ताव है कि उक्त संरक्षित स्मारक/पुरातत्वीय स्थल/अवशेष के चतुर्दिक 200 मीटर की परिधि में स्थित भूमियों तथा भवनों पर किसी भी प्रकार का उत्खनन अथवा निर्माण पुनरूद्धार का कार्य आयुक्त पुरातत्व एवं अभिलेखागार मध्यप्रदेश भोपाल की अनुमति तथा निर्देशन में के अतिरिक्त प्रतिषिद्ध किया जावे, अत: राज्य शासन उक्त स्मारक/पुरातत्वीय स्थल/अवशेष के चतुर्दिक 200 मीटर की परिधि में स्थित भूमियों तथा भवनों के स्वत्वधारियों से अपेक्षा करता है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन के 45 दिवस के भीतर अथवा स्थानीय क्षेत्र में प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर जो भी बाद में हो, उक्त प्रस्ताव के संबंध में अपनी आपत्ति, यदि कोई हो, संबंधित जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर दें तथा सुनवाई के लिए जिला कलेक्टर द्वारा निर्धारित समय एवं स्थान पर उपसंजात हों.

क्र. एफ 11-8-2011-तीस.—मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964 की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन राज्य शासन की अधिसूचना में क्रमांक एफ 11-8-2011-तीस, दिनांक 25 अगस्त, 2011 द्वारा निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक घोषित करने के आशय की सूचना जारी की गयी थी जिसका प्रकाशन ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में, दिनांक 30 सितम्बर 2011 को किया गया था.

2. आयुक्त, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के पत्र क्र. 477-अ. पु. सं. स.-2012, दिनांक 21 मई 2012 द्वारा सूचित किया गया है कि शासन की उक्त अधिसूचना के संबंध में कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं है. आयुक्त, पुरातत्व ने उक्त स्मारक को संरक्षित घोषित करने की अनुशंसा की है.

3. अत:, राज्य शासन, मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक, पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (3) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, एतद्द्वारा प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करता है:—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व क्षेत्र जो क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित होना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
म. प्र.	भोपाल	हुजूर नजूल शहर भोपाल वृत्त	इतवारा रोड	मौलाना आजाद सेन्ट्रल लायब्रेरी, केन्द्रीय पुस्तकालय (अजायबघर)	खसरा नंबर 1244	कुल रकबा 13.44 एकड़ में से 0.54 एकड़	महकमा बागात	शिक्षा विभाग के अधीन है

4. राज्य शासन का यह भी प्रस्ताव है कि उक्त संरक्षित स्मारक/पुरातत्वीय स्थल/अवशेष के चतुर्दिक 200 मीटर की परिधि में स्थित भूमियों तथा भवनों पर किसी भी प्रकार का उत्खनन अथवा निर्माण पुनरूद्धार का कार्य आयुक्त पुरातत्व एवं अभिलेखागार मध्यप्रदेश भोपाल की अनुमति तथा निर्देशन में के अतिरिक्त प्रतिषिद्ध किया जावे, अत: राज्य शासन उक्त स्मारक/पुरातत्वीय स्थल/अवशेष के चतुर्दिक 200 मीटर की परिधि में स्थित भूमियों तथा भवनों के स्वत्वधारियों से अपेक्षा करता है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन के 45 दिवस के भीतर अथवा स्थानीय क्षेत्र में प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर जो भी बाद में हो, उक्त प्रस्ताव के संबंध में अपनी आपत्ति, यदि कोई हो, संबंधित जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर दें तथा सुनवाई के लिए जिला कलेक्टर द्वारा निर्धारित समय एवं स्थान पर उपसंजात हों.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विनोद कटेला, अपर सचिव.

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

सूचना

भोपाल, दिनांक 31 जनवरी 2013

क्र. एफ-1-2-2010-सात-6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (1959 का क्रमांक 20) की धारा 13 की उपधारा (2) के प्रतिबंध में निहित उपबंध के अनुसरण में, इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा की उपधारा (1), उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, राज्य शासन, एक **नवीन तहसील बैराढ़, जिला शिवपुरी** सृजित करने हेतु निम्न अनुसूची के कॉलम (5) में उल्लेखित किये गये अनुसार वर्तमान तहसील पौहरी, जिला शिवपुरी की सीमाओं को परिवर्तित करने, कॉलम (2) में दर्शाई तहसील को कॉलम (3) में दर्शाये उसके नाम के मुख्यालय से उसकी स्थापना करने तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित किये अनुसार नवीन तहसील की सीमाएं निर्धारित करने का प्रस्ताव करता है.

2. इस प्रस्ताव पर "मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 60 दिन समाप्त होने पर विचार किया जावेगा और इसके संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव उक्त कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को लिखित में भेजे जा सकेंगे:—

क्र.	प्रस्तावित तहसील	मुख्यालय	वर्तमान तहसील	परिवर्तन का प्रकार	सीमायें
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
01	बैराढ़	बैराढ़	पोहरी	वर्तमान तहसील पोहरी के राजस्व निरीक्षक मण्डल बैराढ़ वृत्त-01 के पटवारी हल्का नम्बर 1 लगायत 31 (31), राजस्व निरीक्षक मण्डल पोहरी-2 के पटवारी हल्का नम्बर 32 लगायत 40, 44 (10) इस प्रकार कुल 41 पटवारी हल्के अपवर्जित होकर प्रस्तावित तहसील बैराढ़ में कुल 41 पटवारी हल्के शामिल होंगे, जिनमें कुल 114 ग्राम शामिल होंगे.	**पूर्व में**—तहसील ग्वालियर. **पश्चिम में**—तहसील विजयपुर, जिला श्योपुर **उत्तर में**—तहसील जौरा, जिला मुरैना. **दक्षिण में**—पोहरी.

क्र.	शेष तहसील	मुख्यालय	शेष तहसील	परिवर्तन का प्रकार	सीमायें
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
02	पोहरी	मुख्यालय		वर्तमान तहसील पोहरी के राजस्व निरीक्षक मण्डल पोहरी-02 के पटवारी हल्का नम्बर 41 लगायत 62 (21), राजस्व निरीक्षक मण्डल, छर्च-03 के पटवारी हल्का नम्बर 63 लगायत 90 (28) कुल 49 पटवारी हल्कों के 140 ग्राम शेष रहेंगे.	**पूर्व में**—तहसील शिवपुरी. **पश्चिम में**—तहसील कराहल, जिला श्योपुर. **उत्तर में**—प्रस्तावित तहसील बैराढ़. **दक्षिण में**—तहसील कोलारस.

प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

"निर्वाचन भवन"

58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश 462 011

आदेश

भोपाल, दिनांक 24 जनवरी 2013

क्र. एफ. 67-2-12-तीन-108.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जनवरी 2012 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् अमरकंटक, जिला अनूपपुर** के आम निर्वाचन में **श्री सुरेश कुमार,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर परिषद् अमरकंटक, जिला अनूपपुर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 13 जनवरी 2012 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 12 फरवरी 2012 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, अनूपपुर के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर के पत्र क्र. 166-न.प.नि.-स्था.निर्वा.-11-12, दिनांक 31 मार्च 2012 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री सुरेश कुमार** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री सुरेश कुमार** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 12 अप्रैल 2012 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, अनूपपुर के माध्यम से दिनांक 7 मई 2012 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ नोटिस के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री सुरेश कुमार को नोटिस दिनांक 7 मई 2012 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 22 मई 2012 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. नोटिस की तामीली उपरान्त कलेक्टर **अनूपपुर** ने अपने पत्र दिनांक 26 अगस्त 2012 में लेख किया कि **"श्री सुरेश कुमार द्वारा आज दिनांक तक व्यय लेखा / अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है."** आयोग द्वारा दिनांक 10 सितम्बर 2012 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 20 नवम्बर 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर अनूपपुर द्वारा दिनांक 5 अक्टूबर 2012 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री सुरेश कुमार** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद् अमरकंटक, जिला अनूपपुर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 24 जनवरी 2013

क्र. एफ. 67-2-12-तीन-109.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जनवरी 2012 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद् अमरकंटक, जिला अनूपपुर** के आम निर्वाचन में **श्री मानिक सिंह उरैती,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर परिषद् अमरकंटक, जिला अनूपपुर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 13 जनवरी 2012 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 12 फरवरी 2012 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, अनूपपुर के पास दाखिल किया जाना था किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर के पत्र क्र. 166-न.प.नि.-स्था.निर्वा.-11-12, दिनांक 31 मार्च 2012 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री मानिक सिंह उरैती** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री मानिक सिंह उरैती** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 12 अप्रैल 2012 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, अनूपपुर के माध्यम से दिनांक 7 मई 2012 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ नोटिस के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री मानिक सिंह उरैती को नोटिस दिनांक 7 मई 2012 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 22 मई 2012 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. नोटिस की तामीली उपरान्त कलेक्टर **अनूपपुर** ने अपने पत्र दिनांक 26 अगस्त 2012 में लेख किया कि **''श्री मानिक सिंह उरैती द्वारा आज दिनांक तक व्यय लेखा / अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.''** आयोग द्वारा दिनांक 10 सितम्बर 2012 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 20 नवम्बर 2012 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर अनूपपुर द्वारा दिनांक 5 अक्टूबर 2012 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री मानिक सिंह उरैती** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत अमरकंटक, जिला अनूपपुर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बुरहानपुर, मध्यप्रदेश

बुरहानपुर, दिनांक 11 जनवरी 2013

क्र. क-व.लि.-2013.—सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुक्रमांक 04 के पैरा 05 तथा मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल के परिपत्र क्रमांक एम-3/23/1999/1/4, दिनांक 30 मार्च 1999 में विहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, **आशुतोष अवस्थी, कलेक्टर, जिला बुरहानपुर** वर्ष 2013 के लिये बुरहानपुर जिले की सीमा क्षेत्र हेतु निम्नानुसार दर्शाई गई तिथियों में तीन स्थानीय अवकाश (LOCAL HOLIDAY) घोषित करता हूं :—

क्रमांक	दिनांक	दिन	त्यौहार	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1.	05-09-2013	गुरुवार	पोला	(सम्पूर्ण जिला)
2.	19-09-2013	गुरुवार	अनन्त चर्तुदशी का दूसरा दिन	(सम्पूर्ण जिला)
3.	02-11-2013	शनिवार	रूप चौदस	(सम्पूर्ण जिला)

यह अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होंगे.

आशुतोष अवस्थी, कलेक्टर.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

रायसेन, दिनांक 18 जनवरी 2013

प्र. क्र. 151-बी-121-2012-13.—मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ-11-1-2010-सात-शा-6 भोपाल, दिनांक 16 अप्रैल 2012 एवं मध्यप्रदेश शासन, भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 2(1) य-5 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, अनुसूची में वर्णित मजरा-टोला को राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

तहसील-बाड़ी, जिला रायसेन

क्रमांक	मूल ग्राम का नाम प. ह. नं.	वर्तमान क्षेत्रफल (हैक्टर में)	घोषित राजस्व ग्राम (मजरा टोला का) नाम प. ह. नं.	क्षेत्रफल (हैक्टर में)	घोषित ग्राम की जनसंख्या
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	गांजीखेड़ी 31	121	सिलगोना टोला	121	210

मोहनलाल, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

जबलपुर, दिनांक 5 नवम्बर 2012

प्र. क्र. 1-अ-82-11-12-भू.अ.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के संशोधन 1984 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल अर्जित रकबा (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जबलपुर	शहपुरा	पिपरियाकलां प.ह.नं. 37 न. ब. 244	0.10	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण वि. सेतु निर्माण संभाग, जबलपुर	सड़क एवं पुल निर्माण हेतु.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, पाटन के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
गुलशन बामरा, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला विदिशा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

विदिशा, दिनांक 1 जनवरी 2013

प्र. क्र. 1-अ-82-12-13-भू-अर्जन-.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	गुलाबगंज	नौलास	0.613	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग, विदिशा.	मढीपुर-अम्बर-नौलास मार्ग के निर्माण हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का उपखण्ड अधिकारी, ग्यारसपुर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आनन्द कुमार शर्मा, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

रायसेन, दिनांक 15 जनवरी 2013

